**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत पारेषण खण्ड**
**उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0**
**220 के0वी0 उपकेन्द्र**
**मैनपुरी**

पत्रांकः— 1003 / वि0पारे0ख0(मै) / विज्ञापन

दिनांक : 07—नवम्बर—2024

विषयः— विज्ञापन आदेश।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला , आगरा ।

विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक भास्कर, नोयडा।

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान, आगरा।

महोदय,

1. कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक / साप्ताहिक समाचार पत्र में **दिनांक 08 / 09—नवम्बर—2024** के अंक मे कम से कम स्थान मे (हिन्दी भाषा समाचार—पत्रो के लिए 8—10 प्वाइंट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रो के लिए 6—8 प्वाइंट ठाइप ) समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन में रनिंग मेटर के रूप में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें ।

2. स्थानीय प्रकृति की सूचनाएं जैसे बिजली बन्द रहने की सूचना ,उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना बिजली बिलो के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओ का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।

3. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रेषित सामिग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियो में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियो को संलग्न करते हुये अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल उ0 प्र0 पावर ट्रांन्समीशन कारपोरेशन लिमिटेड ,लाल डिग्गी अलीगढ को / अधोहस्ताक्षरी को (जहाँ भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है ) प्रेषित करें । विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन / भुगतान सम्भव न होगा ।

4. संलग्न हिन्दी अग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामिग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामिग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाऐ उसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा ।

5. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बता एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेजी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन / भुगतान नही किया जायेगा ।

6. यदि आपको सूचना एंव जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एंव दृव्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें ।

7. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में 'राष्ट्रहित में बिजली बचाएं' का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।

8. उक्त निर्देशो के विपरीत तथा गलत अर्थात भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है, अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोक / निरस्त किया जा सकता है।

**सलंग्नक** : 1. विज्ञापन आदेश की प्रथम एंव द्वितीय प्रति ।
2. विज्ञापन सामग्री दो प्रतियो में ।

**भवदीय**

(राजेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
O/C Executive Engineer
Elect.Transmission Division
Mainpuri

पत्रांकः— 1003 / वि0पारे0ख0(मै) / विज्ञापन

दिनांक : 07—नवम्बर—2024

**प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:—**

1— अधीक्षण अभियन्ता,विद्युत पारेषण मण्डल ,उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, अलीगढ ।
2— उप महाप्रबन्धक (लेखा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 (पा0द0प0) आगरा ।
3— खण्डीय लेखाकार, विद्युत पारेषण खण्ड ,मैनपुरी ।
4— सम्बन्धित निविदा पत्रावली ।
5— सूचना पट।

(राजेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
O/C Executive Engineer
Elect.Transmission Division
Mainpuri

## उ0प्र0पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
## ई0–निविदा सूचना

निम्नलिखित ई–निविदाऐं अधिकृत एवं अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं/फर्मों से, जो जी0एस0टी0 में पंजीकृत हो, ई–टेण्डर के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। ई–निविदा की निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड मैनपुरी के विभागीय खाते में सीधे ऑनलाइन (NEFT/RTGS) के माध्यम से जमा किया जायेगा। विभागीय खाते का विवरण ई–टेण्डर की बेवसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यालय में ई–टेण्डर सम्बन्धित किसी भी प्रकार का लिफाफा अथवा हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि को ऑनलाइन जमा करने के साक्ष्य जैसे कि योज्य यू0टी0आर0 संख्या, खाते धारक का नाम, खाता संख्या, आई0एफ0एस0सी0 कोड आदि, ई–निविदा के प्रथम भाग के वांछित प्रपत्रों के साथ ई–निविदा साईट पर उपलब्ध कराना होगा। यदि निविदाकर्ता निविदा शुल्क अथवा धरोहर राशि जमा करने का साक्ष्य ई–निविदा के प्रथम भाग में नहीं पाया गया तो निविदा अस्वीकार होगा। निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि केवल निविदाकर्ता के खाते से ही ऑनलाइन (NEFT/RTGS) जमा किया जाये। निविदाओं के ई–टेण्डर की बेबसाइट पर अपलोड के तदोपरान्त, निविदा के तकनीकी भाग को नियत तिथि एवं समय तक ऑनलाइन आमंत्रित किया जायेगा तथा नियत तिथि एवं समय पर अधोहस्ताक्षरी के द्वारा ई–निविदा की बेबसाइट पर खोला जायेगा। ई–निविदा के मूल्य भाग (द्वितीय भाग) ई–टेन्डर की बेबसाइट पर खोलने हेतु तदानुसार बेबसाइट पर ही सूचित किया जायेगा। विस्तृत विवरण प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में एवं ई–टेण्डर की बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा।

किसी भी निविदा को बिना कारण बताये कभी भी रद्द करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का रहेगा।

**विवरण निम्न प्रकार है :– ई–निविदा संख्या कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :–**

| | *ई–निविदा संख्या* | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | ई0टी0डी0(एम0)–01/2024–25 | **विद्युत पारेषण खण्ड मैनपुरी के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र मैनपुरी पर 01 नग 33 के0वी0 करहल रोड बे के इरेक्शन का कार्य धरोहर राशि रू0 2000/– एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 590/– (जी0एस0टी0 सहित) निविदा सबमिट करने की अन्तिम तिथि 28/11/2024 समय 12:00 बजे एवं खुलने की तिथि 28/11/2024 समय 15:00 बजे।** |

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड मैनपुरी ।
राष्ट्र हित में बिजली बचायें
विद्युत चोरी की सूचना दें – **"www.igpowerup.org"**

---

उपरोक्त विवरण ही प्रकाशित कराया जाये निम्न नाम, पदनाम एवं मुहर का प्रकाशन न कराया जाये ।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड
मैनपुरी
Executive Engineer
Elect.Transmission Division
Mainpuri